# मोबाइलः बच्चों पर चिल्लाने वाले अभिभावक स्वयं रील्स की लत में उलझे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आधुनिकता के इस दौर में मोबाइल जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है, चाहे छोटे बच्चे हो या जवान या फिर बुजुर्ग हर कोई मोबाइल की लत में बुरी तरह फंसा है। 25 साल तक के युवा इंस्टाग्राम, यूट्यूब और ऑनलाइन गेस में घंटों बिता रहे हैं। कुछ लोग वेबसीरिज और ऑनलाइन शॉपिंग में फंसे हैं। वहीं बुजुर्ग भी अब वाट्सऐप, फेसबुक और रील्स की दुनिया में खो गए हैं। मोबाइल की लत इस कदर हावी हो गई है कि छोटे छोटे बच्चे अब मोबाइल के बिना नहीं रह पा रहे, उठते बैठते, खाते, पीते हर वक्त बस मोबाइल में ही अपनी आखों के साथ साथ ब्रेन से संबधित बीमारियों का खुला आमंत्रण दे रहे हैं। बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाए रखने की सलाह देने वाले अभिभावक स्वयं मोबाइल में रील्स व अन्य एप में फंसे नजर आते हैं, जबसके कारण



न तो वे बच्चों पर ध्यान दे पा रहे और न ही स्वयं के स्वास्थ्य की कोई चिंता है। हर उम्र की अपनी 'डिजिटल दुनिया बन चुकी है। बच्चों का भविष्य व उनके साथ साथ अपने सेहत बचाने का समय आ गया है।

अब परिवारों को 'नो-फोन टाइम', 'नो-रील डे' और 'स्क्रीन फ्री ज़ोन' जैसी सख्त नीतियां अपनानी होंगी। इनके लिए डिजिटल डिसिप्लिन जरूरी है। मनोचिकित्सा की माने तो मोबाइल की लत अब केवल आदत नहीं, गंभीर समस्या बन गई है। नींद की गुणवत्ता घट रही है, थकावट और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। रिश्ते कमजोर हो रहे हैं और मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। माता-पिता बच्चों को स्क्रीन से दूर रहने की नसीहत देते हैं, लेकिन वे खुद देर रात तक बिस्तर पर लेटे-लेटे रील्स स्क्रॉल करते देखे जा सकते हैं। हर उम्र के लोग डिजिटल डिप्रेशन की गिरफ्त में आ रहे हैं। यह आदत न केवल उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डाल रही है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों को भी खोखला कर रही है। माता-पिता अभिभावकों के पास बच्चों की मोबाइल लत को लेकर आने वाले माता-पिता खुद इसी समस्या से जूझ रहे हैं। कई अभिभावक खाने के दौरान, सोने से पहले और यहां तक कि वॉशरूम में भी फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। बच्चे वही सीखते हैं जो वे घर में देख रहे हैं। इसलिए जब मां-बाप ही स्क्रीन से चिपके रहते हैं, तो बच्चे भी वैसा ही व्यवहार करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस को रोते हुए मिला नाबालिग बच्चा, पहुंचाया घर



**उमरियापान।** क्षेत्र से गुम हुए एक नाबालिक बच्चे को उमरियापान पुलिस के द्वारा 3 घंटों के अंदर खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया मोबाइल द्वारा सूचना मिली कि एक बच्चा जिसकी उम्र लगभग 8 वर्ष है पोड़ी खिरवा गांव में रोड किनारे बैठकर रो रहा है। सूचना के बाद उमरियापान पुलिस स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर उस बच्चे को थाना उमरियापान लाकर उससे पूछताछ की गई, जिस पर बच्चे ने अपना नाम भोला बताते हुए कहा कि उसके माता पिता झिन्ना पिपरिया में महुआ बीनने गए है तो उसके दादा रामस्वरूप ठाकुर निवासी कुदवारी मोहल्ला के हैं जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को जानकारी देते हुए बच्चे को परिजनों को सौंपा।

### खिरहनी में भाजपा ने जलाया राहुल गांधी का पुतला



**कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा न्यू कटनी मंडल द्वारा मनी लांड्रिंग केस में कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। खिरहनी में आयोजित इस पुतला दहन कार्यक्रम में भाजयुमो नेताओं ने कहा कि इस देश की सबसे भ्रष्ट, कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने वाले सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के द्वारा हेरॉल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामलें में भ्रष्ट कांग्रेस की सरकार रहते हुए किया गया। उस भ्रष्टाचार की जब पोल खुली और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का चेहरा जनता के सामने उजागर होने वाला है उस न्याय की जांच में बाधा उत्पन्न करने का कार्य भी कांग्रेस के द्वारा इस किया जा रहा है जिसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा न्यू कटनी मंडल द्वारा पुतला दहन किया गया।

### कल्हैयाखुर्द में श्रमदान कर की तलाब की सफाई

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जलस्रोतों का रखरखाव कर जन संवर्धन हेतु साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। साथ ही सामूहिक श्रमदान के माध्यम से प्राचीन कुएं , बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर आदि की साफ सफाई कर उसे पुर्नजीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कडी में शुक्रवार को विकासखण्ड बहोरीबंद के ग्राम कल्हैयाखुर्द के पास स्थित तालाब में श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई की गई। इस दौरान तालाब के चारों ओर की खरपतवार एवं कचरे की सफाई का कार्य भी उपस्थित जनों के माध्यम से किया गया। इस दौरान स्थानीय जनों जल के महत्त के साथ जल के संरक्षण व जल बचाने के उपयों की भी जानकारी दी गई।

### महुआ बीनने वाले ग्रामीणों ने सुनी थी शिशु के रोने की आवाज, पुलिस को दी सूचना

# जलाशय की नहर में पत्तों में छिपा मिला नवजात शिशु, अस्पताल में हई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

मानवता को शर्मसार करने वाली एक मामला उमरियापान थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां एक शिशु लावारिश हालत में नहर पर पत्तों के पीछे मिला, घटना के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं की जा रही हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह चंदौल जलाशय के पास जब कुछ ग्रामीण महुआ बीनने पहुंचे तभी उन्हें एक नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि शिशु के रोने की आवजा आने पर आसपास देखा गया तब रोने की दिशा में माइनर नहर में सूखे पत्तों से ढका एक नवजात शिशु मिला है। उन्होनें बताया कि शिशु पूरी तरह से विकसित था। शिशु के नाल भी लिपटी हुई थी। जिसे किसी कलयुगी माँ ने जन्म के बाद नहर फेंक दिया। ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, हालांकि अब तक जन्म देने वाली



मां का कुछ पता नहीं चला है।

इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के मुहारी टोला में जलाशय की नहर में एक नवजात शिशु मिला था। महुआ बीनने वाले ग्रामीणों ने शिशु के रोने की आवाज सुनी और नजदीक जाकर देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और नवजात शिशु को उमरियापान अस्पताल ले आई। सुबह करीब साढ़े 8 बजे जब शिशु को अस्पताल लाया गया तो लेकिन उपचार के दौरान बिगड़े स्वास्थ्य के कारण करीब 11 बजे शिशु ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पंचनामा सहित आवश्यक कार्रवाई के बाद शिशु को दफनाया गया। पुलिस अब शिशु को जन्म देनी वाली अज्ञात महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज मामले की विवेचना में जुटी है।

उमरियापान थाना क्षेत्र के जंगली इलाके मुहारी टोला में नवजात शिशु के मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। नवजात शिशु को लगभग दरम्यानी रात के आसपास फेंका गया होगा, क्योंकि जिस वक्त ग्रामीणों ने देखा उस वक्त पत्तों और शिशु के शरीर में खून लगा हुआ था। कई लोग इसे अवैध संबंध से जोड़कर देख रहे हैं वहीं कुछ लोगों का कहना है कि किसी ने घर में बेटी होने की सजा नवजात को दी है। फिलहाल शिशु के शव को वक्त रहते ग्रामीणों ने देख लिया,नहीं तो वो किसी जानवर का निवाला बन सकता था। इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच गुस्सा भी देखा जा रहा है। बताया जाता है कि रात के समय शिशु को जंगल में पत्तियों के बीच जिस प्रकार फेंका गया था उसने मानवता की सारी हदें पार कर दी। रात भर जंगल में शिशु रोता रहा जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी होगी। पुलिस की मदद से शिशु को तत्काल स्वास्थ्य हेतु अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उपचार के दौरान तीन घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया।

# अभद्र व्यवहार करने पर शिक्षक का हुआ निलंबन

- जारी किया गया था कारण बताओ नोटिस, जनवरी में अनुपस्थित रहने पर रोका गया था वेतन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय प्राथमिक शाला हिनौती संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद के प्राथमिक शिक्षक दशरथ लाल नागेश्वर द्वारा विगत 3 अप्रैल को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद अशोक झारिया से अभद्र व्यवहार कर पदीय गरिमा को भंग करने तथा जातिगत रूप से अपमानित करने के उक्त कृत्य को लापरवाही एवं कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम-1966 के तहत कार्यवाही की जाकरतत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यवाही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद के प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन के अभिमत के आधार पर की है। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में नागेश्वर का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकरी ढीमरखेड़ा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। प्राथमिक शिक्षक नागेश्वर द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन पर माह जनवरी का वेतन नहीं दिए जाने तथा लिपिक द्वारा पांच हजार रूपये की मांग कर मानसिक रूप से प्रताड़ति किए जाने की शिकायत की गई थी। जिसपर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन के अभिमत अनुसार पर जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतकर्ता नागेश्वर को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। किन्तु संबधित द्वारा नोटिस का कोई जवाब प्रस्तुत नही किया गया।

संकुल प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत जानकारी में प्रधानाध्यापक शा.प्रा.शाला हिनौती से प्राप्त उपस्थिति पत्रक में शिकायतकर्ता दशरथ ताल नागेश्वर प्राथमिक शिक्षक 13 जनवरी 2025 तक लगातार अनुपस्थित होने के कारण संबधित का जनवरी 2025 का वेतन रोकने जाने की जानकारी दी गई। वेतन देयक तैयार हो जाने के कारण वेतन वृद्धि का भुगतान संभव नहीं होने तथा शिकायतकर्ता नागेश्वर से किसी भी प्रकार की राशि की मांग नहीं किया जाने का उल्लेख किया गया है।

# बच्चों को शराब पिलाने के वायरल वीडिया पर कलेक्टर ने शिक्षक को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल के छात्रों के साथ बैठकर उन्हें शराब का सेवन कराने और शराब पीने के लिए बच्चों को प्रेरित करने वाले शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी के प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह का वायरल वीडियो शुक्रवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के संज्ञान में आने के बाद, इसकी जांच कर प्राथमिक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन सिंह द्वारा बच्चों को शराब पिलाने संबंधी वायरल वीडियो शुक्रवार को ही कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के संज्ञान में आया । इसके तत्काल बाद कलेक्टर यादव ने शुक्रवार की सुबह ही वायरल वीडियो की जांच कर जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के बाद डीईओ पीपी सिंह ने त्वरित तौर पर वायरल वीडियो में दिख रहे शिक्षक की पहचान करने के लिए जिले के



सभी 6 विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को वीडियो भेजा। जिस पर बडवारा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने वायरल वीडियो में दिख रहे शिक्षक के संबंध में संपूर्ण जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को दी। जिसमें बताया गया कि वीडियो में दिख रहे शिक्षक संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बरही के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी के प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह हैं। शिक्षक की पहचान होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शुक्रवार 18 अप्रैल को जारी निलंबन आदेश में उल्लेखित किया गया है कि बच्चों को शराब सेवन पिलाना और पीने के लिये प्रेरित करना, घोर लापरवाही एवं शिक्षकीय पद की गरिमा को धूमिल करता है। साथ ही यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसलिए प्राथमिक शिक्षक, शा.प्रा.शा. पुरानी बस्ती खिरहनी लाल नवीन प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बड़वारा नियत किया गया है।

### जालपा वार्ड में चल रहे सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का रखें ध्यानः महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर विकास एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा विकास कार्यों का सिलसिला अनवरत जारी है।इसी श्रृंखला में जालपा देवी वार्ड की विभिन्न गलियों में कराए जा रहे डामरीकरण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण कर नागरिकों की दैनिक सुविधाओं को देखते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्थानीय पार्षद डॉ रमेश सोनी ,सुभाष साहू , क्षेत्रीय



उपयंत्री अश्वनी पांडे सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की भी मौजूदगी रही। विदित हो कि महापौर श्रीमती प्रीति सूरी द्वारा बुधवार को ही लगभग 63 लाख रुपए से अधिक के सामुदायिक भवन, तिराहा सौंदर्यीकरण हेतु स्तंभ निर्माण सहित नाली निर्माण के कार्यों की सौगात वार्डवासियों को दी गईं थी। इन स्थलों में हो रहा डामरीकरण कार्य नगर के प्रमुख आस्था का केंद्र जालपा देवी मंदिर में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की सुगम आवागमन व्यवस्था को देखते हुए संस्कार भारती स्कूल के सामने चौराहे, इमली के पेड़ से श्रीमती मधु मिश्रा के घर तक एवं काली माता मंदिर गली सहित विजय रोलिंग शटर से जालपा मंदिर दुर्गा माता स्टेज तक के मंदिर पहुंच मार्गों में डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है। नव निर्मित महापौर श्रीमती सूरी ने जालपा देवी वार्ड में चल रहे डामरीकरण कार्य के तीनों स्थलों का पैदल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय जनों से संवाद करते हुए यह निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए ही कराए जाने की बात कही । नव निर्मित रोड से तत्काल आवागमन न कर निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी महापौर ने स्थानीय नागरिकों से किया। महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों की पेयजल सप्लाई पाइपलाइन बाधित न हो इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश उपयंत्री एवं ठेकेदार को दिए।



## खबर संक्षेप

### जरवाही में सार्वजनिक प्याऊ का हुआ शुभारंभ



**कटनी।** दिनों दिन बढ़ रहे तापमान की तपिश से आमजनों का हाल बेहाल हो रहा है, ऐसे में राहगीरों के कंठ प्यास से सूख रहे हैं, जिसको लेकर जरवाही में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे। इस प्याऊ से राहगीरों को गर्मियों की चिलचिलाती धूप में शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। प्याऊ प्रतिदिन सुबह से शाम तक संचालित होगा। प्याऊ के शुभारंभ पर कलेक्टर ने स्वयं इसका पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ प्रदीप सिंह सहित स्थानीय पंच-सरपंच, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### सांई बाबा मंदिर की वर्षगांठ पर विविध आयोजन

**कटनी।** गायत्री नगर क्षेत्र के मित्र विहार कॉलोनी के समीप स्थित सांई बाबा मंदिर में दो दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया आयोजन की जानकारी देते हुए सांई भक्त वाजिद खान ने बताया कि सांई बाबा मंदिर के 14 वें वर्षगांठ के शुभ अवसर पर 18, 19 अप्रेल को सांई बाबा का अभिषेक, पूजा अर्चना के साथ हवन एवं अन्य कार्यक्रमों में विशाल आम भण्डारा, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सांई भक्तो में रम्मू विश्वकर्मा, बच्चा रजक, बालकिशन बैन, अनोज कनासिया वाजिद भाईजान,सोनू बैन, बिट्टू मेहरोलिया, सनी डेनियल, निखिल बाबा आदि ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुभक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ उठाये।

### सिलौड़ी बाजार में प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**कटनी।** सिलौंडी बाजार मोहल्ले में पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय द्वारा प्याऊ की व्यवस्था कराई गई । स्थानीय बाजार में बरगद के पेड़ के नीचे गर्मी के तीन माह क्षेत्र के लोग को ठंडा पानी मिलता है। सिलौंडी आस पास से सिलौंडी बाजार खरीदी या किसी अन्य कार्य से आने वाले ,राहगीर ,बैंक के लेनदेन लोगों को गर्मी की दोपहर में ठंडा पानी लोगों को काफी राहत प्रदान करेगा। प्रशांत राय ने कहा कि इस भीषण गर्मी में दोपहर का समय और आसमान से मानो आग की बारिश हो रही है। धरती तप रही है। राहगीरों का गला सूख रहा है। ऐसे में उनको साफ व ठंडा पानी मिल जाए तो यह उसके लिए अमृत से कम नहीं होगा। चूंकि राहगीर पेयजल की क़िल्लत से जूझ रहे थे जिसको ध्यान में रखते हुए प्याऊ का उद्घाटन किया गया है। उत्तम यादव ने बताया कि यह एक निःशुल्क सुविधा है, जहां पर नागरिकों को साफ़ और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

### जल संरक्षण के लिए निकाली जागरूकता रैली



**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में युद्ध स्तर पर संचालित हो रहा है। पानी सहेजने और बचाने के लिए जन सहयोग से कई स्थानों में जागरूकता रैली और श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह द्वारा बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए ग्रामीण एवं समाजसेवियों मे अच्छा उत्साह है, और गांव -गांव मे सभी का सहयोग मिल रहा है। इससे लोग स्वेच्छा से एकजुट होकर बैठक कर, रैली निकालकर, सफाई कर, श्रमदान कर जल को बचाने प्रयास कर रहे हैं। यह भी बताया गया कि जितना ज्यादा से ज्यादा नदी, तालाब, नाले मे बारिस के पानी को रोका जायेगा ,उतना ही ज्यादा से ज्यादा कुंआ और बोरबेल्स मे पानी का जल स्तर बढ़ेगा और पानी की समस्या आने वाले दिनो मे खत्म हो जायेगी।

### गर्मी डिहाईड्रेशन का बढ़ा खतरा, डॉक्टरों ने भरपूर पानी पीने की दी सलाह

# बढ़ते तापमान के साथ अस्पतालों में मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रोजाना बढ़ रहे तापमान का असर अब लोगों की सेहत पर दिखने लगा है। शुक्रवार को अस्पताल में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के एक सैकड़ा से अधिक मरीज पहुंचे। इनमें ज्यादातर उल्टी-दस्त और पेट दर्द से पीड़ित थे। ज्यादातर मरीज उल्टी दस्त और पेट दर्द के थे। शिशु वार्ड में भी बच्चे गर्मी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित होकर आ रहे हैं।

अप्रेल माह में गर्मी व धूप से बढ़े तापमान के कारण डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में डॉक्टर उन्हें इलाज के साथ ही गर्मी में कई तरह के बचाव की हिदायत दे रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर उम्र के लोग इसकी जद में आ रहे हैं। कम पानी पीने को इस समस्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बढ़ती गर्मी के बीच सावधानियां बरतें और खानपान का ध्यान रखा जाए। इन मरीजों में प्यास ज्यादा लगना, मुंह सूखना, ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव, सिरदर्द, कमजोरी महसूस होना और चक्कर आने जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि डिहाइड्रेशन होने पर ब्लड प्रेशर की समस्या हो जाती है, जिससे मरीज चक्कर खाकर गिर सकते हैं, ऐसी स्थिति में उन्हें इलेक्ट्रोलाइट देने की जरूरत होती है। चिकित्सकों ने बढ़ते तापमान को देखते हुए दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है, साथ ही ढीले, हल्के और सूती कपड़े पहनने व पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए कहा गया है। समय समय पर ओआरएस, छाछ, नींबू पानी, पेय पदार्थों का सेवन करने पर भी ध्यान देने जोर दिया जा रहा है। तेज धूप में घर से निकलते समय सिर को ढंकने तथा गंभीर लक्षण जैसे ज्यादा पसीना आना, चक्कर आना, बेहोशी हो तो डॉक्टर से संपर्क करने कहा है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी में बीमारियों का प्रमुख कारण शरीर में पानी की कमी होना है। यही वजह है कि अस्पतालों में ओपीडी में कई मरीज डिहाइड्रेशन के आ रहे हैं। इसीलिए गर्मी के दिनों में सभी लोगों को दिनभर में कम से कम चार लीटर पानी जरूर पीना चाहिए।

बढ़ती गर्मी के कारण मरीज लूज़ मोशन व फीवर का भी शिकार हो सकते हैं, इस मौसम में सबसे पहले तो अपने आपको बचाना चाहिए, क्योंकि सबसे ज्यादातर लू लगने का खतरा रहता हैं, जिससे फीवर हो सकता हैं. गर्मी के मौसम में खानपान पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है, हमेशा बासी खाना व कटे हुए फल वगैरह खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इसके कारण भी हम बीमार हो सकते हैं। गर्मियों में अधिक से अधिक तरल पदार्थो का उपयोग करना चाहिए, साथ ही तरबूज, खरबूजा, नारियल पानी व अन्य रसीले फलों के साथ साथ हो सके तो सत्तू का उपयोग सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

# भाजपा ने नारों के साथ फूंका राहुल गांधी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल मुडवारा के तत्वाधान में शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मनी लॉनड्रिंग मामले में हो रही जांच में कांग्रेस के राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का नाम सामने आने के बाद प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जवाब तलब करने हेतु कार्यालय उपस्थित होने का आदेश दिया गया जिसमें जांच में ना उपस्थित होकर एवम जांच एजेंसियों पर ही कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े कर रही है, कि मोदी सरकार के द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा रहा है, जो कि मोदी सरकार सबका साथ सबके विकास के साथ कार्य कर रही है । भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ईडी की कार्रवाई दस्तावेजों और बैंक रिकॉर्ड के आधार पर की गई है। शुक्रवार को इसी के विरोध में पुतला दहन का कार्यक्रम भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल के अध्यक्ष पारस जैन के नेतृत्व में थाना तिराहा में किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्तओं द्वारा राहुल गांधी के विरोध में नारे लगाकर पुतला फूंका गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, कैलाश जैन सोगानी, जिला कार्यालय मंत्री अमरीश वर्मा व सह कार्यालय मंत्री यज्ञ मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

### डॉग स्क्वायड देर रात तक करती रही सर्च ऑपरेशन

# बांधवगढ़ में डॉक्टरों ने किया तेंदुआ का पोस्टमार्टम, जांच में जुटा वन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के करौंदी बीट अंतर्गत महनेर पहाड़ी के नीचे गुरुवार शाम को मृत अवस्था में मिले मादा तेंदुए का शुक्रवार को उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शव परीक्षण किया गया। मृत मादा तेंदुए की उम्र करीब 8 वर्ष की थी। देरशाम वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कटनी में तेंदुए का दाह संस्कार किया गया। पीएम करने वाले दो डॉक्टरों की टीम के मुताबिक प्रथम दृष्ट्या तेंदुए की मौत बीमारी के चलते हुई है।

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद तेंदुए की मौत के कारणों का खुलासा किया जाएगा। गुरुवार देरात सतना से डॉग स्क्वायड की टीम पहुँची। घटना स्थल का जायजा लिया। घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को भी सतना से पहुँची डॉग स्क्वायड की टीम घटना स्थल से कुछ दूरी पर पहाड़ी के अलावा कॉलोनी में भी जा पहुँची। हालांकि वन विभाग के अमले को इस मौके पर कोई भी खास साक्ष्य नहीं मिल सके। वन्य प्राणी के शरीर में चोट के कोई निशान भी नहीं मिले। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलते ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। बता दें कि उमरियापान-ढीमरखेड़ा मार्ग पर महनेर पहाड़ी के नीचे गुरुवार देरशाम मादा तेंदुए का शव मृत अवस्था में मिला था।

गुरूवार को बस्ती से लगे स्थान पर तेंदुआ का शव मिलने से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं भी की जा रहीं हैं। लोगों का कहना है कि जंगल में पानी की समुचित व्यवस्था न हाने के कारण भी जंगली जीव गांव की ओर अपनी प्यास बुझाने आ रहे हैं। जंगली प्राणियों के इस प्रकार रहवासी क्षेत्रों में पहुंचने के कारण लोगों में भय भी उत्पन्न हो रहा है। लोग सर्तकता बरत रहे हैं। तेंदुआ का इस प्रकार गांव के पास शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मची हुई है। स्थानीय लोग बच्चों को लेकर काफी चिंतित देखे जा रहे हैं।

### बाजार में रसील फल तरबूज की मांग बढ़ी



राजाना बढ़ रहे तापमान को देखते हुए बाजारों में रसीले फलों की विक्री काफी बढ़ गई है। बाजारों में तरबूज, खरबूजा, आम, संतारा जैसे फलों को ले कर लोग गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। गर्मियों में रस दार फल लोगों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। फुटकर बाजार में तरबूज 20 रूपए प्रति किलो बिक रहा है जिससे तरबूज की विक्री में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। फल विक्रेता भी अधिक से अधिक तरबूज रखने लगे हैं तरबूज की अच्छी आवक के चलतें लोगों को काफी मुनासिब दामों में तरबूज मिल रहा है।

# बिचपुरा में लोकगीत व अन्य गतिविधियों से किया जल संरक्षण के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित हो रही जागरूकता गतिविधियों के तहत आदर्श ग्राम बिचपुरा के ददरा टोला में ग्राम वासियों के बीच संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जल के महत्व को बताते हुए जल संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी लोगों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान लोकगीत के माध्यम से आने वाले कल में किए जल स्त्रोतों की साफ-सफाई हेतु उत्साह लाने के लिए ऊर्जा का संचार किया गया। ब्लॉक समन्वयक बड़वारा द्वारा आंगनबाड़ी में महिलाओ को नित दैनिक कार्य करते हुए जल को कैसे बचाया जाए साथ ही वर्षा जल का संचयन किस प्रकार किया जाए के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के साथ जल जागरूकता बैठक ली गई।

बैठक में आरती रजक, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत परामर्शदाता दुर्गा प्रसाद केवट एवं शिया बाई, रौशनी, आरती नीतू, जानकी, संझो बाई आशा, शशि फुलझड़िया, गोमती, केश कली सावित्री, राधे रघुवर, अरदल लोधी, कन्हैया रामओतार, मुलिया बाई सपना, पिररिया भुट्टी बाई, निनिया, फुलझी बाई, सुमन सुमित्रा आदि ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

### अवैध वेंडरों की लगातार मिल रही थी शिकायत

# स्टेशन में खाद्य सामग्री बेच रहे अवैध वेंडर पर स्पेशल स्क्वायड की कार्रवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के अंदर जैसे ही यात्री ट्रेन पहुंची वहां मौजूद प्लेटफार्म में अवैध वेंडर द्वारा खाद्यय पदार्थो की विक्री की जाने लगी। जबलपुर से पहुंची विशेष स्क्वायड टीम पहले से ही अवैध वेंडरों की तक में बैठी थी जैसे ही अवैध वेंडर सामग्री बेचना शुरू किया वैसे ही टीम द्वारा एक एक करके अवैध वेंडरों को पकड़ना शुरू कर दिया। स्टेशन पर जबलपुर की पहुंची स्टेशल टीम की कार्रवाई के बाद वेंडर में हडकंप की स्थिति बन गई। आधा सैकड़ा वेंडर कार्रवाई की खबर सुनते ही स्टेशन से भागते नजर आए।

स्पेशल टीम द्वारा करीब आधा दर्जन वेंडरों को पकड़ते हुए जुर्माने की कार्रवाई की गई।

बताया जाता है कि मुख्य स्टेशन के साथ साथ मुड़वारा स्टेशन व साउथ स्टेशन में अवैध वेंडरों ने अपना कारोबार लंबे समय से जमा रखा है। अवैध वेंडरों द्वारा खाद्य सामग्री बेचे जाने से जहर खुरानी की भी आशंका बनी रहती है। इन अवैध वेंडरों की पूरी जानकारी न तो जीआरपी के पास होती है और न ही आरपीएफ के पास। ऐसे में अवैध वेंडरों द्वारा चोरी व अन्य वारदातों को भी आसानी से अंजाम दिया जा सकता है। स्टेशनों में अवैध वेंडरों की भरमार हो गई है, रेलवे स्टेशन के अंदर है अनाप शनाप दामों में खाद्य सामग्री यात्रियों को बेंचकर मुनाफा कमाया जा रहा है। बताया जाता है कि अवैध वेंडर स्टेशन से गायब रहते हैं जैसे ही प्लेटफार्म में ट्रेन पहुंचती है वे अचानक पहुंचकर पूरी ट्रेन में अपना कारोबार शुरू कर देते हैं। बताया जाता है कि अवैध वेंडरों द्वारा न सिर्फ दूषित खाद्य सामग्री बेची जाती है बल्कि मनमानी वसूली भी की जाती है। आधा सैकड़ा अवैध वेंडर के प्लेटफार्म पर घटिया सामग्री यात्रियों को बेच रहे हैं। अवैध वेंडर ट्रेन के दोनों ओर बोगयों में खाद्य सामग्री बेचते हैं। अवैध वेंडरों द्वारा खाद्य सामग्री निर्धारित मूल्य से अधिक पर बेचा जाता है। शुक्रवार को हुई कार्रवाई के बाद मुख्य स्टेशन सहित मुड़वारा स्टेशन व साउथ स्टेशन में हडकंप की स्थिति बनी रही।

### नाड़ी वैद्य द्वारा निःशुल्क दिया जा रहा लोगों को चिकित्सकीय परामर्श

# पुस्तक मेला में हो रहे विवध आयोजन, पुस्तकों की बताई उपयोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




राष्ट्रीय पुस्तक मेला एवं साहित्य महोत्सव में शुक्रवार को तीसरे दिवस मातृभाषा मंच, बोली महोत्सव एवं भाव अभिव्यक्ति के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही छिंदवाड़ा से आए नाडी वैद्य द्वारा पुस्तक मेला में पहुंचे नागरिको को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया भी जा रहा । स्थानीय साधुराम विद्यालय प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय पुस्तक मेला के अवसर पर साहित्य महोत्सव के अंतर्गत रमेश शर्मा भोपाल के मुख्य आतिथ्य एवं कौशल दुबे जबलपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।

उल्लेखनीय है कि कटनी जिला बुंदेलखंड, बघेलखंड एवं गोंडवाना की अंतिम सीमाओं के बीच स्थित है। फलस्वरूप जबलपुर एवं कटनी जिले के ग्रामीण अंचलों में उक्त तीनों क्षेत्र की बोली, संस्कृति एवं परंपराओं का मिश्रण मिलता है । तथा यहाँ बुंदेली, बघेली, गोंडी, उर्दू एवं खड़ी हिंदी से मिश्रित बोली प्रचलन में मिलती है । जिसे विद्वानों द्वारा पचेली बोली की संज्ञा दी जाती है। पचेली बोली के साहित्य पर जिले से प्रकाशित यह प्रथम कृति है। इस अवसर पर पुस्तक मेला समिति संयोजक मुकेश चंदेरिया, सह संयोजक जैनेन्द्र द्विवेदी, अमित कनकने, अशोक श्रीवास्तव, मनोज निगम रामचरण कमल आदि अनेक जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालयीन बच्चों ने रानी लक्ष्मी बाई, रानी चेन्नम्मा, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महाराणा प्रताप, सावित्री बाई फुले आदि युग व्यक्तित्व पर प्रकाश डालकर उपस्तिथ जनों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। पुस्तक मेला आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष अभिनव प्रयोग करते हुए भारत कि विभिन्न आँचलिक बोलियों पर उनकी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के कुलगुरु भरत मिश्रा रहे। पुस्तक मेला कि प्रासंगिकता को उल्लेखित करते हुए पुस्तकों में निहित जीवन तत्व से सभी को परिचित कराने हेतु प्रयास किये जाने पर बल दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि महेशयोगी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रमोद वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील बाजपेई एवं मेला संरक्षक मधु सूदन बगड़यि रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया पुस्तकों का जीवन शैली में महत्त्वपुस्तकों से प्रेरणा मिलती हैं, एक बार पढ़ने के बाद जीवन पर्यंत वे शब्द हमारे मन में अंकित हो जाते हैं। पुस्तके एवं हमारी मातृभाषा हमें जीवन शैली को विकसित करने में मदद करती हैं l भरत मिश्रा के निकटस्थ अंचल की बोली पचेली का उल्लेख करते हुए जिले को गौरव प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कि भले तकनीकी रूप से हम कितने भी विकसित हो जाएं हमें पुस्तकों का साथ फिर से पाना ही होगा। कार्यक्रम का समापन मधुसूदन बगड़िया द्वारा किया गया।

# गुड फ्राइडे पर ईसाई समाज द्वारा चर्च में की विशेष प्रार्थना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसाई समाज के लोग चर्च पुहंचकर विशेष प्रार्थना सभा के साथ प्रभु यीशु को याद किया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की गई। शुक्रवार की सुबह से ही गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं चल जारी रहीं, समाजिक लोगों ने मौन रखकर प्रभु यीशु को याद कर किया। गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को गिरजाघरों में सुबह 6.30 बजे से ही मसीही समुदाय के लोगों का तांता लगने लगा रहा, वहीं चर्च में दोपहर की प्रार्थना सभा 12 बजे शुरू होकर शाम 3 बजे तक चली।

रविवार को बाद ईस्टर मनाया जाएगा, जिसे प्रभु यीशु के पुनरुत्थान के रूप में जाना जाता है और यह ईसाई धर्म का सबसे उल्लासपूर्ण दिन होता है। गुड फ्राइडे को हॉलीडे, ब्लैक फ्राइडे और ग्रेट फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने वन स्टॉप सेन्टर का किया निरीक्षण

**पन्ना।** जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान केन्द्र के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रशासक कविता पाण्डेय द्वारा केन्द्र के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को प्राप्त होने वाली सुविधाओं और इसके लिए वांछित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही अब तक विपत्तिग्रस्त महिलाओं को प्रदत्त सुविधाओं तथा महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 एवं आपातकालीन, पुलिस व कानूनी सहायता इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी गई। जिपं अध्यक्ष ने कार्यालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा कर परिसर का अवलोकन भी किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा आज

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में निर्धारित समय पर जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### पवई मुख्य मार्ग खोद कर छोड दिए जाते है गड्ढे, हो सकती है दुर्घटना

**पवई।** करही तिराहा से लेकर मिलोनीगंज तक जब चाहे पाइप लाइन मे सुधार के लिए खोदे गये गड्ढे 4-4 दिनों तक खुदे पडे रहते है जिसकी वहज से मार्ग मे आवागमन अवरुद्ध होता है संबंधित विभाग तनिक भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन ठीक से नही करता उसे मुख्य मार्ग पर यातायात को ध्यान मे रखते सुधार कार्य समय से पर्ण करना चाहिए लेकिन लापरवाही के चलते 4-5 दिनों तक ऐसी हालत मे छोड दिया जाता है। मुख्य मार्ग पर खुदे पडे गड्ढे मे वाहन कभी भी दुर्घटना का शिकार बन सकते है।

### मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान

**पटेरा।** हटा रोड पर स्थित मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई। कटीली झाड़ियां को काटना, जरिया आदि को ट्रैक्टर ब्लड , विकेट से साफ किया गया। दोनों ट्रैक्टरों का सहयोग नगर परिषद द्वारा किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में तहसीलदार महोदय राजेश सोनी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ढुलीचंद अहिरवार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष मुन्नालाल अवधिया,पार्षद पुष्पेंद्र सोनी ने मुक्ति धाम को स्वच्छ किया।

### नाबालिग बालिका द्वारा युवक से प्रताड़ित होने पर की थी आत्महत्या

**पन्ना।** फरियादी द्वारा थाना रैपुरा आकर रिपोर्ट की गई कि मै बघवार कलां का रहने वाला हूं खेती किसानी का काम करता हू। मेरी तीन लड़किया है जिसमे से मेरी मझली(बीच वाली) नाबालिग बेटी सुहानी कोरी उम्र 15 साल द्वारा घर की सीलिंग मे लगी रॉड मे रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है मामले मे रैपुरा पुलिस टीम द्वारा मर्ग क्रमांक 05/25 कायम कर विवेचना मे लिया गया,मर्ग विवेचना के दौरान मृतिका द्वारा मानसिक रुप से प्रताड़ति होने से आत्महत्या की जाने के तथ्य सामने आने पर मामले मे थाना रैपुरा मे अपराध क्रमांक 79/25 धारा 107 बी.एन.एस का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। उक्त मामले मे मर्ग विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा मृतिका के रिश्तेदारो व पड़ोसियो के कथन लिये गये थे जिनके द्वारा बताया गया था की कुछ दिन पूर्व पड़ोस मे रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी की शादी समारोह मे नीरज कोरी नाम का लड़का भिलसांय से आया था जिसके द्वारा मृतिका सुहानी कोरी का मोबाइल नम्बर कहीं से प्राप्त कर लिया था जो आये दिन सुहानी को फोन लगाकर बात करने के लिये मजबूर करता था एवं उसके साथ शादी करने की बात को लेकर दबाव बनाकर परेशान व प्राताड़ति करता था जिस बात को मृतिका द्वारा अपनी बड़ी बहिन एवं पड़ोस मे रहने वाली सहेलियो को बताया था जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना रैपुरा में अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

---

24 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक देखने जा सकेंगे लोग

# प्रदर्शनी 'सिक्कों की कहानी' का पुरातत्व संग्रहालय में हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विश्व विरासत दिवस पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी सिक्कों की कहानी का शुभारंभ रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह में किया गया। इस शुभारंभ कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय छाया चित्रकार मनोहर काजल एवं वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने देवी सरस्वती के सम्मुख दीप प्रचलन कर कर दीप ज्योति मंत्र के उच्चारण के साथ किया। जिला मुख्यालय पर स्थित प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व की विरासत के रूप में पहचान निरूपित करता रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह समय-समय पर अपने नित नए-नए आयाम से जनमानस में पुरातत्व और संस्कृति के प्रति जन जागरूकता का कार्य सफलतम रूप में करता आ रहा हैं। इसी क्रम में संग्रहालय में आयोजित प्रदर्शनी में सिक्कों की कहानी इस शीर्षक पर आधारित प्राचीन काल में प्रचलित आहत मुद्राएं, ठप्पांकित मुद्राएं, गुप्तकालीन मुद्राएं, कुषाण कालीन मुद्राएं, सातवाहन कालीन मुद्राएं, इंडो पर्शियन मुद्राएं, इंडो सीथयन मुद्राएं, पांचाल छत्रप की आहत मुद्राएं, कौशल जनपद की मुद्राएं, अंग जनपद की आहत मुद्राएं, चैदी जनपद आधुनिक बुंदेलखंड की आहत मुद्राए, विभिन्न प्राचीनतम समयों में प्रचलित मुद्राऔ के छाया चित्रों का संग्रह इस प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया है। इस सबंध मे संग्रहालय के संचालक सुरेन्द्र चौरसिया ने बताया यह प्रदर्शनी विश्व विरासत दिवस के दिन से प्रारंभ होकर 24 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में आम दर्शकों के लिए देखने के लिए खुली रहेगी।

इस छायाचित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में डॉक्टर चौधरी, जिला समन्वयक सुशील नामदेव, डॉक्टर आलोक सोनवलकर, कृष्णा पटेल, अशोक राय, ऋषभ जैन, पावनी एवं नगर के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

प्राचीन बावड़ी की सफाई एवं जीर्णोद्धार से जागी जल संरक्षण की चेतना

# जल स्रोत हमारी प्राचीन धरोहर हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जल स्त्रोत हमारी प्राचीन धरोहर हैं और इनका संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसी उद्देश्य के साथ आज ग्राम पंचायत पटना बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थित अति प्राचीन बावड़ी (बिहर) की सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्य की शुरुआत की गई। यह कार्य सीईओ जिला पंचायत दमोह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजनों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए बावड़ी की सफाई की। कार्यक्रम के बाद जल चौपाल का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने कहा जल स्त्रोत हमारी प्राचीन धरोहर हैं और इनका संरक्षण व संवर्धन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा सभी लोग अपने घरों में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) के माध्यम से भू-जल स्तर को बनाए रख सकते हैं आयोजन ने न केवल इस प्राचीन जल स्त्रोत को पुनर्जीवित किया, बल्कि सामूहिक सहभागिता और पारंपरिक श्रमदान की भावना को भी सशक्त किया।

ग्राम के अमर सिंह लोधी ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा ₹हमारे गांव में पूर्व में श्रमदान कर बावड़ी की सफाई की परंपरा थी, जो अब इस अभियान से पुनर्जीवित हो रही है। इसके लिए हम मध्यप्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के आभारी हैं। कार्यक्रम में कृष्णा पटेल ने भी युवाओं को प्रेरित किया और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दमोह जनपद पंचायत सीईओ हलदर मिश्रा, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, विकासखंड समन्वयक वंदना जैन, बबली विश्वकर्मा, कृष्णा पटेल, आरिफ खान, सरपंच कमला बाई/अमर सिंह, देवेंद्र सिंह, पन्ना लाल यादव, भगवती/वीर सिंह लोधी, लक्ष्मण सिंह, सुधीर खरे, अजय कुमार असाटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों एवं युवाओ की उपस्थित रहे।

---

दमोह विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न...

# भाजपा की सफलता कार्यकर्ताओं के समर्पण का फल है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांदकपुर, अभाना, बांसा तारखेड़ा, दमयंती और दीनदयाल मंडल का विधानसभा स्तररीय सक्रिय सदस्यव सम्मेभलन जिला भाजपा कार्यालय दमोह में भाजपा जिलाध्य क्ष श्याम शिवहरे की अध्यषक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्ययअतिथि के रूप में म.प्र. सरकार के पूर्व वित्ता मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, म.प्र. शासन के राज्यभ मंत्री पथरिया विधायक लखन पटैल, दमोह सासंद राहुल सिंह लोधी, जिला संगठन प्रभारी सतानंद गौतम के आतिथ्यत में आयोजित हुआ। पूर्व जिलाध्यकक्ष प्रीतम सिंह लोधी, विघासागर पांडे, हेमंत छाबडा, राजेंद्र सिंघई, जनपद अध्यक्ष प्रीति सिंह, जिला महामंत्री गोपाल पटैल, रामेश्व र चौधरी, जिला उपाध्या,क्ष संजय सेन, अमित बजाज, अरूण तिवारी, जिला मंत्री संजय यादव, वर्षा रैकवार, अर्चना जैन, जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याधय, जिला मीडिया सह प्रभारी महेंद्र जैन, रिंकू गोस्वाजमी, संदीप शर्मा सहित मंडल अध्यंक्ष बृजेश सिंह लोधी, दान सिंह लोधी, सुरेंद्र तोमर, रमाकांत बाजपेयी, राजेन्द्र चौरसिया मंचासीन रहे । सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा तीन महत्वपूर्ण विषयों पर संबोधन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ




सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता व पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिलाध्यक्ष श्यालम शिवहरे ने कहा कि श्रेष्ठा कार्यकर्ताओं की सफलता का फल है कि आज भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल के रूप में कार्य कर रही है, जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध, एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिये कृत संकल्पित है। दमोह विधायक जयंत मलैया ने विधानसभा क्षेत्र के समर्पण भाव से कार्य करने वाले जनसंघ के कार्यकर्ता से लेकर के वर्तमान के भाजपा कार्यकर्ताओं के संबंध में उनके समर्पण और त्याग को याद किया और कहा कि आज हम एयर कंडीशनर हॉल में बैठे है और विश्वक की सबसे बडी पाटी के रूप में जाने जाते है, वह सब हमारे पूर्व के कार्यकर्ताओं के समर्पण का फल है जिसके कारण ही आज भारत को विकसित भारत की परिकल्प ना को साकार करने की उर्जा के साथ हम सब दृढ संकल्पिरत है।

राज्य मंत्री लखन पटैल ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्सांह देखकर जनप्रतिनिधियों का मन उत्साहहित होता है क्योंकि कार्यकर्ता 365 दिन 24 घंटे कार्य करते है जिसकी वजह से ही हम गांव से लेकर केंद्र तक सत्ता में है। सांसद राहुल सिंह ने संगठनात्मक विषय पर संबोधन में कहा कि आज कार्यकर्ताओ की वजह से पार्टी एक विशाल पार्टी का रूप ले पायी है। आज देश के विभिन्न प्रदेशो मे भाजपा सरकारे है और केंद्र में भी पिछले दस वर्षों से भाजपा पार्टी की सरकार है। आज भाजपा देश ही नहीं विदेश की भी सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी सिर्फ कर्मठ कार्यकर्ताओ की वजह से ही बन पायी है। आज भाजपा अखंड भारत के निर्माण के लिये कार्य कर रही है जिसकी वजह से एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण हुआ है, कुछ वर्षों मे बुंदलखंड के हर घर और हर खेत में पानी पहुंचने से पंजाब हरियाणा की तरह खुशहाल क्षेत्र बनेगा बुंदेलखंड और विकास की रफतार बढेगी। सतानंद गौतम ने कहा कि राष्ट्रवाद, विकास, सुशासन और सांस्कृतिक मूल्य की दृढ़ता ही भाजपा परिवार की विचारधारा है। हम सभी कार्यकर्ताओं को सौभाग्य है कि हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता है

पूर्व जिलाध्यौक्ष प्रीतम सिंह ने संगठनात्मक विषय पर संबोधन में कहा कि स्थायपना पर्व जनसंघ की स्थावपना से लेकर वर्तमान भाजपा सरकार की उपलिब्ध्यों की जानकारी सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन में दी और कहा की यह सम्मेथलन पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एनडीए की सरकार सभी वर्गों की हितैषी है। आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन मुफ्त, मुफ्त गैस सिलेंडर जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी को लाभ मिल रहा है। संजय सेन ने संगठनात्मक विषय पर संबोधन में कहा कि देश की दशा और दिशा बदलने का कार्य भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं के दम पर किया। भारत की राजनिति में भाजपा पहली पार्टी है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र के आधार पर संघटन में चयन होता है। सत्ता से लेकर संगठन तक महिलाओं की सहभागिता भाजपा के कारण ही संभव है। सक्रिय सदस्य सम्मेलन का संचालन जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार ने किया और आभार कृष्णा राज ने किया।

सक्रिय सदस्य ता सम्मेललन में भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठी कार्यकर्ता सहित संपूर्ण दमोह विधानसभा मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाध्येक्ष शिखा जैन, प्रिंस जैन, गणेश जाटव प्रकोष्ठय संयोजक जुगल अग्रवाल, देवल कोरी, राकेश गुरू की उपस्थिति रही।

---

## कन्या भोज एवं भंडारा का हुआ आयोजन



**दमोह।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में समस्त भक्त गण द्वारा श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर फुटेरा वार्ड न.2 अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक दमोह में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम कन्या भोज कराया गया फिर सभी भक्तों के लिए प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे को सफल बनाने में मुख्य रूप से जीवनलाल अग्रवाल, दिलीप, राजबहादुर, अनिल, शिवकांत, राजेश, विनोद, विजय, आशीष, अरविंद, अजय, दीपक (छुट्टू), शशांक, सौरभ, दीपक, अंशुल, रुचित, नितिन, दीपांशु, अंकित, संकेत, सरस, अनुज, प्रथमेश, विकास, अनमोल, अमन, रूपम, सक्षम, अभिनेष, शरद साहू, राजेश ताम्रकार, हरिश्चंद्र, मनोज, रज्जन, पप्पू सोनी, रामलाल, किशोरीलाल, बसंत, सतीश, कमलेश, अभिषेक, ओमप्रकाश, निखिल, पीयूष एवं अनेकों भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## मगरोन पहुंचे राज्यमंत्री लखन पटेल

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल आज शाम मगरोंन पँहुचे। उन्होंनें यंहा कलेही माता मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र एवं प्रदेश की खुशहाली तथा समृद्धि की कामना की। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल ने मेला आयोजको से चर्चा की। साथ ही तहसीलदार और मगरोन थाना प्रभारी को व्यवस्थाएं दुरस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मन्दिर प्रांगण में भक्तजनों से सामयिक चर्चा भी की।

## कृषक सम्मान व किसान संगोष्ठी का आयोजन



**बनवार।** ग्राम सुरई में कृषक सम्मान व किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यूजीवीड़ु सीड्स लिमिटेड की मक्का वैरायटी एम एच 8352 विनर की फसल प्रदर्शन किया गया। प्रगतिशील किसान देवेंद्र ठाकुर व इंद्रजीत ठाकुर ने अपने खेत पर नवंबर माह में मक्का की फसल लगाई थी, जो अब हार्वेस्ट योग्य हो चुकी है। किसानों को उम्मीद है कि पैदावार 35 से 40 क्विंटल प्रति एकड़ तक होगी। किसान संगोष्ठी में कंपनी प्रतिनिधि इंदर सिंह ठाकुर व अमित सिंह ठाकुर ने किसानों को सम्मानित किया और मक्का की फसल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में लगाई गई मक्का की फसल गेहूं की फसल के साथ पक कर तैयार हो जाती है और इसकी अधिकतम पैदावार 35 से 45 क्विंटल प्रति एकड़ तक हो सकती है। कार्यक्रम में सुरई सरपंच प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ठाकुर और लगभग 120 किसान उपस्थित रहे। श्री राम कृषि सेवा केंद्र जबेरा के संचालक चंद्रभान पटेल ने फसल संरक्षण पर उद्बोधन दिया।

---

# गुनौर विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर मिड़ासन नदी के पुनरूद्धार की मांग की



**पन्ना।** गुनौर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉ राजेश वर्मा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं और क्षेत्र में जा जाकर भ्रमण करके लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनका निराकरण कर रहे हैं चाहे वह बिजली की समस्या हो या रोड को लेकर या फिर प्रधानमंत्री आवास या फिर शिक्षा को लेकर भवन निर्माण का मुद्दा हो प्रदेश स्तर पर गंभीरता से मुद्दों को प्रदेश स्तर तक पहुंचाते हैं और उनका निराकरण करवाते हैं वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या पानी की है क्योंकि इस समय जमीन से जलस्तर घटता जा रहा है और लोगों को पानी की समस्याओं को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र में किसानों को पानी की समस्या ना और अच्छी खेती कर सके वर्तमान में पानी की समस्या से लोग परेशान है इसको लेकर प्रदेश स्तर पर आज भोपाल मैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निवास पर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने उनसे भेंट की और गुनौर विधानसभा क्षेत्र की जीवनदायिनी मिढ़ासन नदी के संरक्षण सर्वेक्षण और पुनरुद्धार थी को लेकर उनसे चर्चा की मिढ़ासन नदी गुनौर विधानसभा से एकमात्र प्रमुख जलधारा है जिसका उद्गम मरहा बड़ागांव तहसील देवेंद्रनगर से होता है यह नदी कि सा नो की आजीविका का आधार है वर्तमान में नदी पर गड़ी पड़रिया ग्राम के पास बने डैम की जल संग्रहण क्षमता कम होने से अधिकांश वर्षा जल व्यर्थ बह जाता है और नदी का जलस्तर गिरता जा रहा है इस कारण से नदी धीरे-धीरे सूखने की स्थिति में पहुंच रही है माननीय मुख्यमंत्री जी से मढ़ासन नदी के संरक्षण और पुनरुद्धार को लेकर उनसे अनुरोध किया है।

---

## जिला पंचायत परिसर में पक्षियों के लिए रखवाए सकोरे

**पन्ना।** आनंद विभाग पन्ना के तत्वाधान में इस वर्ष भी पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज जिला पंचायत परिसर में पक्षियों के लिए पेड़ पर सकोरे बांधे गए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने कहा कि गर्मी के मौसम और तापमान में बढ़ोत्तरी से पक्षियों के लिए यह सकोरे लाभदायक होंगे। तेज धूप और जल स्रोतों के सूखने से पक्षियों को आसानी से दाना-पानी मिल सकेगा। आम नागरिकों से भी इस तरह के प्रयास की अपील की गई। आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक ने कहा कि आमजन भी अपने घर की छत, बालकनी या बगीचे में मिट्टी के बर्तन में पानी रखें और कुछ अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, गेहूं या चावल डालें। इससे न केवल पक्षियों को राहत मिलेगी, बल्कि प्रकृति का संतुलन भी बना रहेगा। इन छोटे प्रयासों से न केवल परिंदों की जिंदगी बचेगी, बल्कि मानसिक संतुष्टि और हमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस दौरान शिक्षा विभाग के सहायक संचालक अमित जैन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा सहित प्रमोद अवस्थी, सीता चतुर्वेदी, निर्मल कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार त्रिपाठी, राम किशोर गर्ग एवं आनंद ग्राम जमुनहाई के सरपंच द्वारा भी ग्रीष्मकाल में पक्षियों का सहारा बनकर जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया गया।

## देश विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



**बनवार।** दमोह के जबेरा पूरेनहाउ स्थित श्री आनंदधाम मंदिर के दंडी स्वामी रंजीतानन्द सरस्वती ने जबलपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मुस्लिम ईसाई समुदाय के कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दू देवी-देवताओं और साधु-संतों के अपमान और देश विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। श्री दंडी स्वामी रंजीतानन्द सरस्वती ने कहा कि देश की सुरक्षा और सौहार्दता को बनाए रखने के लिए ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना आवश्यक है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे अपराधियों के विरुद्ध रासुका अंतर्गत कार्यवाही की जाए और देश विरोधी तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान जबेरा, दमोह और जबलपुर जिले के बड़ी संख्या में सनातनी हिंदुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने दंडी स्वामी रंजीतानन्द सरस्वती का समर्थन किया और देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**खबर संक्षेप**

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**दमोह।** आज होगा ग्राम बॉसा तारखेड़ा लगेगा 5 वॉ निः शुल्क नेत्र एवं संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर होगा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्व. श्री हनुमान प्रसाद पाठक एवं स्व. राजेन्द्र प्रसाद पाठक की पुण्य स्मृति में दिनांक 19 अप्रैल 2025 की बॉसा तारखेड़ा के सरपंच रोहन राजेन्द्र पाठक द्वारा 5 वॉ नेत्र एवं संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें चित्रकूट के स्पेशल डॉक्टरो के द्वारा नेत्र परीक्षण किया जायेगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोग आकर स्वास्थ्य लाभ उठायें।

## माधव पटेल होंगे मुख्यमंत्री से सम्मानित

**हटा।** जिले के बटियागढ़ विकासखंड के लिधौरा में पदस्थ शिक्षक माधव पटेल का चयन वर्ष 2023 के मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार(नवाचार)हेतु किया गया है 21 अप्रैल सिविल सेवा दिवस में भोपाल के प्रशासन अकादमी में मुख्यमंत्री मोहन यादव एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर करेंगे सम्मानित। उल्लेखनीय है कि शिक्षक माधव पटेल को राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। जिले के लिए शिक्षा विभाग में यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### परिजनों ने गलत इलाज के आरोप लगाकर किया हंगामा

# जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की मौत के बढ़ते मामले चिंताजनक है। इससे जहां एक ओर आम जनमानस का अस्पताल पर विश्वास कम हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा भी कोई ठोस कदम न उठाये जाने से जिला अस्पताल के हालात जस के तस बने हुये है। दरअसल जिला अस्पताल में गुरुवार की रात फिर हंगामा हुआ। जिला अस्पताल में गुरूवार को प्रसव के बाद एक महिला की जान चली गई, जिसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हटा थाना अंतर्गत देवरागढी गांव की रहने वाली कीर्ति पति दीपक अहिरवार उम्र 23 साल को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल लाया गया थापरिजनों ने बताया कि कीर्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। लेकिन इसके बाद महिला का इलाज किया गया और चंद घंटों में ही उसकी जान चली गई। । परिजनों का आरोप है कि महिला के इलाज में लापरवाही बरती गई, जिसकी वजह से उसकी



जान चली गई। अस्पताल में आने के बाद पहले उन्हे नार्मल डिलीवरी का आश्वासन दिया गया। चार दिन से भर्ती महिला को बाद में परेशानी हवाला देते हुये अचानक से आपरेशन की बात कहने लगे।

परिजनों का आरोप है कि महिला के इलाज में डॉक्टरों ने लापरवाही बरती, जिसकी वजह से उसकी जान चली गई। वहीं परिजनों ने अस्पताल में आपरेशन करने के लिये दो हजार रूपये लेने के आरोप लगाये है। परिजनों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली टीआई ने पहुंचकर परिजनों से बातचीत की व पूरी घटना की सूचना आला अधिकारियों को दे दी गई है। सुबह डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू की गई है। पीएम रिपोर्ट व जांच के बाद ही पता चलेगा कि महिला की जान के पीछे क्या कारण था।

अस्पताल प्रशासन ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही पता चलेगा कि महिला की मौत के पीछे क्या कारण था। अगर डॉक्टरों की लापरवाही पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने मांग की है कि डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। परिजनों का कहना है कि अगर डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही नहीं बरती होती, तो शायद महिला की मौत नहीं होती।

# फर्जी डॉक्टर गये जेल

### न्यायालय ने पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजने के दिये आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मिशन अस्पताल में हार्ट सर्जरी के बाद सात मरीजों की मौत मामले में आरोपी डॉक्टर नरेंद्र यादव उर्फ एन जॉन केम की दस दिन की पुलिस रिमांड पूरी हो जाने पर शुक्रवार को उसे जिला कोर्ट में पेश किया गया। जहा से उसे एक मई तक के लिए जिला जेल भेज दिया गया है। दमोह कोर्ट से जेल जाते समय आरोपी डॉक्टर ने मीडिया से जल्द ही तथ्य बाहर आने और डिग्री को लेकर चल रही बातों को भी उसने गलत बताया। उनका कहना था कि उनका सब कुछ फेयर है, कोई भी नेकलेस नहीं है। उल्लेखनीय की बीती रात उसकी तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल भी ले जाया गया था। आरोपी डॉक्टर की 10 दिन की डिमांड पूरी हो जाने के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया था। आरोपी डॉक्टर के अधिवक्ता सचिन नायक ने न्यायालय से मांग की थी कि अब पुलिस पूछताछ कर चुकी है और किसी भी तरह के प्रत्यक्ष रूप से डॉक्टर की आवश्यकता पुलिस को नहीं है, इसलिए उन्हें ज्यूडिशल कस्टडी में भेजा जाए। शासन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे एडीपीओ संजय रावत ने कहा कि न्यायालय ने आरोपी डॉक्टर को एक मई तक के लिए जेल भेज दिया है। डिफेंस लॉयर ने मांग की थी कि उनके क्लाइंट की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी की जाए और उन्हें मोबाइल चलाने की अनुमति दी जाए, ताकि हम उनसे फीस ले सके। इस पर एडीपीओ ने तर्क दिया कि मोबाइल नहीं दिया जा सकता क्योंकि वह जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। रही बात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की तो उसके लिए जेल मेनू के हिसाब से न्यायालय तय करेगी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होनी है या प्रत्यक्ष रूप से पेशी होगी।

### शासन की योजनाओं का नहीं मिल पा रहा समुचित लाभ

# योजनाएं संचालित पर कुपोषण बरकरार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

महिला बाल विकास द्वारा करोड़ों रुपए कुपोषण पर पानी की तरह बहाया जा रहा है लेकिन फिर भी कुपोषण से मुक्ति नहीं मिल पाना कहीं ना कहीं महिला बाल विकास एवं आंगनबाड़ी केंद्रो की नाकामयाबी को दर्शा रहा है। शासन के निर्देश अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों का चयन कर उनको कुपोषण से दूर करने हेतु भारी मात्रा मे राशि मुहैया कराई जा रही है। लेकिन उस राशि का धरातल पर समुचित उपयोग होते हुए दिख नहीं रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के खमरगौर,मुहरई, देवरा जामशा,भैसा, जैसे अनेक केंद्र ऐसे भी हैं जो शासन के नियम अनुसार नहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सहूलियत अनुसार संचालित होते है कार्यकर्ता की जब मर्जी होती है। तब केंद्र पर पहुंचती हैं बाकी के समय सहायिका ही केंद्र चलती है। कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तो सप्ताह में एक दिन प्रति मंगलवार को ही केंद्र पर पहुंचती हैं बाकी के समय केंद्र सहायिका के भरोसे संचालित होता है। ग्रामीण जन बताते हैं कि बच्चों को केंद्र पर शासन के मेनू मुताबिक भोजन नहीं परोसा जाता है। ग्राम गैसाबाद का केंद्र क्रमांक 118 एवं आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 26 पर भी अनियमिकताएं साफ देखी जा सकती हैं। कहने को तो आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 26 आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र है। लेकिन बच्चों को इसका कोई खास लाभ मिलता हुआ दिख नहीं रहा है शासन के नियम मुताबिक बच्चों का वजन होना चाहिए बच्चों को समुचित आहार प्राप्त होना चाहिए लेकिन शायद ही ऐसा कहीं नियम अनुसार होते हुए दिखाई देता हो एक ओर जहां शासन कुपोषित मुक्त भारत बनाने के लिए जंग लड़ रही है पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ उच्च अधिकारी एवं कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उदासीनता के चलते कुपोषित की लड़ाई धरातल पर पूरी ईमानदारी से नहीं लड़ी जा रही है यदि शासन प्रशासन को कुछ अच्छा करना ही है तो सबसे पहले वरिष्ठ अधिकारियों की नकेल कसनी होगी तभी कुछ सुधार होते हुए दिखाई देगा, ग्रामीण अंचल के लोगों ने शासन प्रशासन से आंगनबाड़ियों में व्याप्त अनियमिकताओं एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है, इस पूरे मामले पर जब हटा परियोजना अधिकारी से बात करनी चाही तो संपर्क नहीं हो सका।

# लगातार हो रहे विरोध के बाद दमोह नगर पालिका प्रदीप शर्मा सागर अटैच

### कर्मचारियों की हड़ताल हुई खत्म, हिंदू संगठनों व व्यापारियों ने प्रदर्शन स्थगित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह नगर पालिका के सीएमओ प्रदीप शर्मा को आखिरकार सागर नगर निगम अटैच कर दिया गया है। उनकी जगह पन्ना की गुनोर नगर पालिका के सीएमओ रामचरण अहिरवार को दमोह नगर पालिका का प्रभारी सीएमओ बनाया गया है। यह कार्रवाई ऐसे समय पर की गई है जब दमोह में नगर पालिका के कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी तथा कुछ हिंदू संगठनों के द्वारा सीएमओ के खिलाफ कार्यवाही को मांग को लेकर 19 अप्रैल को चक्का जाम प्रस्तावित किया गया था। दमोह नगर पालिका में कुछ नेता नुमा ठेकेदारों तथा कुछ अधिकारी कर्मचारी के बीच चल रहे कथित भ्रष्टाचार के खेल को फेल करने के चक्कर में चर्चाओं में आए सीएमओ प्रदीप शर्मा की कार्य प्रणाली को आम नागरिकों का समर्थन मिलता नजर आ रहा था। इस बीच हिंदू नव वर्ष की पूर्व बेला में घंटा घर पर भगवा ध्वज लगाए जाने के मामले में र हिंदू संगठन के कुछ पदाधिकारी के साथ अनेक पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए घंटाघर पर चका जाम प्रदर्शन के हालात निर्मित कर दिए थे। बाद में दो लोगो ने सीएमओ आवास के बाहर प्रदीप शर्मा के चेहरे पर काली स्याही पोतकर उनको सनातन विरोधी करार देने का प्रयास किया था। मामले कलेक्टर द्वारा 3 सदस्य जांच टीम गठित करके उनकी रिपोर्ट पर स्याही लगाने वाले दोनो आरापियों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था। इधर 11 अप्रैल से वेतन व विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। जिससे एक सप्ताह से नगर की सफाई व्यवस्था अस्त व्यस्त पड़ी हुई थी। इसी बीच सीएमओ के खिलाफ हिंदू भावनाओं की खिलवाड़ को लेकर कार्रवाई की मांग को लेकर 19 अप्रैल को हिंदु संगठों व व्यापारी संघ द्वारा बाईपास पर चक्का जाम प्रदर्शन की घोषणा की गई थी। लेकिन इन सब के पहले ही सीमएओ प्रदीप शर्मा को सागर निगम अटैच कर दिया जिसे सीएमओ का विरोध कर रहे लोगो में काफी राहत महसूस हो रही है। वहीं नवागत सीएमओ रामचरण अहिरवार ने दमोह आकर हड़ताली कर्मचारियों से मिलकर उनकी हडताल खत्म करा दी जिससे स्पष्ट है कि कर्मचारी भी सीएमओ प्रदीप शर्मा से नाराज थे जिससे उनके सागर अटैच होने के बाद अब वह भी काम पर लौट आयेंगे।

#### नोटिस के जवाब के पहले अटैचमेंट

जिस पर कलेक्टर कार्यालय से 11 अप्रैल को भेजे गए पत्र के आधार पर संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन राजेश श्रीवास्तव के द्वारा 16 अप्रैल को सीएमओ प्रदीप शर्मा को एक नोटिस जारी करते हुए 3 दिन में जवाब देने को कहा गया था। लेकिन तीन दिन होने के पहले ही 17 अप्रैल को एक अन्य नोटिस जारी करते हुए उनको सागर नगर निगम में अटैच करके गुनोर नगर पालिका के सीएमओ राम चरण अहिरवार को दमोह में पदस्थ करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। माना जा रहा है 19 अप्रैल को सीएमओ के खिलाफ होने वाले चका जाम के दबाव में यह कार्रवाई की गई है।

#### कर्मचारी की सेवाएं समाप्त

दमोह नगर पालिका के सीएमओ प्रदीप शर्मा को सागर अटैच किए जाने का पत्र 17 अप्रैल की शाम के बाद सामने आया है वही उसके पूर्व उनके द्वारा नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी मनोज राठौर की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश जारी किए है। सीएमओ प्रदीप शर्मा द्वारा 17 अप्रैल को दिन में जारी करते हुए उपरोक्त आदेश में मनोज राठौर के क्रियाकलाप को लेकर गंभीर टिप्पणियां की है। वहीं अब देखना होगा कि प्रभारी सीएमओ बनकर आ रहे रामचरण अहिरवार इन विपरीत परिस्थितियों में नगर पालिका का संचालन किस तरीके से कर पाते है।

### हड़ताल समाप्त, काम पर लौटेंगे कर्मचारी



दमोह। शहर में नपा कर्मचारियों की हड़ताल से सफाई से लेकर अन्य सभी व्यवस्थायें ठप्प हो चुकी थी। शुक्रवार को नवागत सीएमओ ने सबसे पहले हडताली कर्मचारियों के पास जाकर उनसे बात की व उनकी मांगो को लेकर आश्वासन दिया। नवागत सीएमओ व कर्मचारियों के बीच हुई बातचीत सफल रही व कर्मचारियों ने अपनी हडताल समाप्ती की घोषणा की। अब शहर में सफाई, जल प्रदाय आदि व्यवस्था सुचारू रूप से चल पायेंगी।

## पुरानाखेड़ा गांव के खेतों की नरवाई में लगी आग

**मडियादो।** दमोह जिले के उपतहसील मडियादो से लगे ग्राम पुरानाखेड़ा में दोपहर करीब एक बजे अज्ञात कारणों से खेतों की नरवाई में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वह कई एकड़ की खेतों की नरवाई में फैल गई। गनीमत थी कि उक्त खेतों में गेहूं की फसल पहले ही कट चुकी थी। बची हुई फसल को किसानों और ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचा लिया। आग को फैलता हुआ देखकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। किसानों ने बताया कि आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फसल को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## महिला ने किया फिनाइल का सेवन

दमोह। दमोह के थाना देहात दमोह क्षेत्र के आम चोपरा गाँव में कॉलर की पत्नी ने फिनाइल का सेवन करने की घटना की जानकारी मिलते तत्काल देहात दमोह थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक बैनी प्रसाद पायलेट श्रीराम पाठक ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से महिला ने फिनाइल सेवन कर लिया था। डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा महिला को परिजन के साथ जिला अस्पताल दमोह पहुँचाया गया । डायल 112/100 जवानों की तत्परता से पीड़ित महिला को समय पर उपचार मिला।

## वृद्ध की करेंट लगने से हुई मौत

**तेंदूखेड़ा।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनवाही में लगभग शाम 4 बजे 80 वर्षीय वृद्ध की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबू मेहरा पिता रघुवर मेहरा 80 निवासी सुनवाही थाना तेंजगढ खेत में बाली बीनने गया था। इसी दौरान खेत में खीची गई सिचाई के लिए डोरियां में कट होने के कारण करेंट लगना बताया जा रहा है। क्योकि करेंट लगने के बाद परिजन नाबू को अपने घर में लेकर आ गए थे। जहां पर उसकी मोत हुई है। प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि नाबू मेहरा की खेत में करेंट लगने से मौत हुई है। लेकिन करेंट कैसे लगा है अभी स्पष्ट नही है। जिसकी विवेचना की जा रही है। पंचनामा की कार्यवाही की गई है। आज सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## पशु आहार से भरा ट्रक पलटा

**दमोह।** बटियागढ़ दमोह मार्ग पर टेड़ा आम के पास पशु आहार से भरा ट्रक पलट गया। तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी मौके पर पँहुचे व घायलों को अस्पताल भेजा। हादसे में ट्रक में सवार पिता-पुत्र घायल हो गये जिन्हे इलाज हेतू अस्पताल भिजवाया गया।

## जेवर सहित नगदी चोरी

**दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ब्रिज के आगे जैन परिवार में लाखों के जेवरात और करीब 40 हजार रूपये नगदी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर डॉग स्क्वाड, एफएसएल टीम के साथ पहुंचकर जांच प्रारंभ कर दी है। कुछ सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध लोग नजर आने पर पुलिस तलाश कर रही है।

# सड़क किनारे पेड़ से लटका मिला दामाद

**तेंदूखेड़ा।** अपनी बेटी के साथ ग्राम झापन में अपनी ससुराल की शादी में गए युवक का शव मंगदुपुरा ग्राम के पास साहू ढाबा के आगे सडक किनारे स्वयं की तोलियां से पेंड से लटका हुआ मिला है। लोगो को समझ में नहीं आ रहा है कि शादी में आए दामाद के साथ ये घटना कैसे हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंजू पिता स्वाराज आदिवासी 45 निवासी ग्राम भौपाठा थाना तेंदूखेड़ा का रहने बाला है। परिजनो ने बताया कि गुरूवार को मंजू अपनी बैटी के साथ अपनी ससुराल में शादी में शामिल होने गया था साथ ही गुरूवार की शाम लगभग 4 बजे झापन पहुंच गया था। लोगो ने रात में भी कुछ समय के लिए देखा था



लेकिन झापन से लगभग दो किमीटर की दूरी पर मंजू का शव फांसी के फंदे पर सुबह लोगो ने लटका देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए तेंदूखेड़ा भेजा गया साथ ही पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनो को सोपा गया है। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम भौपाठा में किया गया। तेजगढ पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जॉच कर रही है।

# लोहे के तार डालकर सैलवाड़ा फीडर की लाईन में बनाया जा रहा फाल्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा वितरण केंद्र के अंतर्गत आने बाले सेलवाड़ा फीटर में आए दिन सिलपुरा ग्राम की लाईन पर आसामाजिक तत्वो के द्वारा चेन तार, लकडी डालकर 11 केब्ही की लाईन में फाल्ट बनाया जा रहा है। जिस कारण लगभग 42 ग्रामो की बिजली सप्लाई प्रभावित हो रहे है। जिस संबंध में सैलवाड़ा क्षेत्र के ग्रामीणो ने राज्य मंत्री तक बिजली सप्लाई बंद होने की षिकायत की गई है। आसामाजिक तत्वो के द्वारा लाईन में फाल्ट बनाने के बाद बिजली कम्पनी के कर्मचारियों के द्वारा कई घंटे लाईनो की पेट्रोलिंग करने बाद ही फाल्ट दूडकर सप्लाई चालू की जा रही है। लेकिन इन दौरान सभी ग्रामो की बिजली सप्लाई बंद रहती है। लेकिन बिजली कम्पनी के

### आए दिन लाईन के फाल्ट होने पर लगभग 42 ग्रामों की बिजली सप्लाई हो रही है प्रभावित

कर्मचारियों द्वारा जैसे ही फाल्ट को सुधारा जाता है बैसे ही आसामाजिक तत्वो के द्वारा पुनः फाल्ट बना दिया जाता है जिस कारण बिजली कम्पनी के अधिकारी सहित सभी कर्मचारी परेषान है। ऐई एमएफ अंसारी ने बताया है कि लगभग एक माह से अलग अलग 11 केब्ही की लाईन पर आसामाजिक तत्वो के द्वारा जानबूझकर फाल्ट बनाकर बिजली की सप्लाई बंद की जा रही है। जिस कारण सैलवाड़ा फीडर से जुडे सम्पूर्ण ग्रामो की बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। जिस संबंध में मेरे द्वारा पुलिस विभाग को भी अवगत कराया जाएगा।

# दिल्ली से नागपुर जा रही कार नागाबाबा के पास अनियंत्रित होकर पलटी, सभी सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सुबह सुबह एक लग्जरी कार झलोन मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया घटना का कारण अंधा मोड़ रहा राहगीरों ने घटना की सूचना दी। बताया जा रहा है जो कार अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ जंगल में पलटी खाकर गिरी है वह दिल्ली के एक व्यक्ति की है जो स्वय कार चला रहा था। सुबह सुबह सागर मार्ग से तेंदुखेडा होकर नागपुर जा रहा था परंतु नगर आगे के आठ किलोमीटर पूर्व ही उसकी लग्जरी कर नियंत्रण हो गई और सड़क से फेंक कर पलटी खाते हुए जंगली क्षेत्र में जब गिरी जिस समय लग्जरी कर पलटी उसका एयरबैग खुल गया और सवार चालक सुरक्षित रहा लेकिन कर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सवार व्यक्ति के अनुसार वह सागर से निकाला था और तेंदुखे जबलपुर होकर नागपुर जा रहा था लेकिन अचानक नाग बाबा की समीप तेज रफ्तार कर अचानक नियंत्रण हो गई और पलट गई।

# भव्य वेदी प्रतिष्ठा और गुरु चरण स्थापना महोत्सव



**दमोह।** श्री चंदा प्रभु दिगंबर जैन चौधरी मंदिर के चंदा प्रभु जैन भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी 22 अप्रैल को गुरु चरण स्थापना एवं बेदी प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। बैठक के दौरान ट्रस्ट कमेटी एवं प्रबंध कारणी कमेटी के तमाम सदस्यों की पदाधिकारियो की विशेष रूप से मौजूदगी रही। जिसमें विशेष रूप से आयोजन के लिए इंद्र इंद्राणी बनने हेतु लोगों को आमंत्रित करना, आयोजन की व्यवस्थाएं, वेदी प्रतिष्ठा एवं गुरु चरण स्थापना की व्यवस्थाएं, आगंतुक अतिथियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था, प्रचार प्रसार की व्यवस्था सहित बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी एवं अंकित भैया जी के निर्देशन में होने वाले आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां दी गई। इसके साथ ही समस्त आगंतुक अतिथियों के लिए शाम के भोजन की कार्य योजना पर विचार विमर्श कर मीनू तैयार किया गया। आयोजन की सभी व्यवस्थाओं को सभी सदस्यों को सौंप करके कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संकल्प लिया गया।